# बी०एड० (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम
# प्रवेश परीक्षा

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020–22 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

## आयोजक
## लखनऊ विश्वविद्यालय,
## लखनऊच

100 Years
1920 - 2020
University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव

University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव
प्रो. आलोक कुमार राय
कुलपति
Prof. Alok Kumar Rai
Vice Chancellor

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA



## कुलपति महोदय का संदेश

अत्यन्त प्रसन्नता का क्षण है कि उत्तर प्रदेश शासन ने 'उत्तर प्रदेश राज्य संयुक्त बी॰एड॰ प्रवेश परीक्षा–2020' को आयोजित करने का उत्तरदायित्व पुनः लखनऊ विश्वविश्वविद्यालय को सौंपा है। अपने शताब्दी वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय इस महती उत्तरदायित्व को पाकर अत्यन्त गौरवान्वित है। लखनऊ नवाबों का शहर रहा है। पुण्य सलिला गोमती के पावन तट पर स्थित प्राचीन लखनपुरी अर्थात वर्तमान के लखनऊ की स्थापना भगवान श्री राम के अनुज वीर लक्ष्मण के द्वारा की गयी थी। लखनऊ ऐतिहासिकता एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम है जहाँ एक ओर नवाबी युग की पहचान हैं, वहीं दूसरी ओर आधुनिकता का बोध कराते अम्बेदकर पार्क, लोहिया पार्क, उच्च न्यायालय का नवीन भवन, गोमती तट पर विकसित रिवर फ्रन्ट तथा मैट्रो रेल परियोजना नये लखनऊ की शान है।

लखनऊ शहर के निवासी अपनी नजाकत (Exility), नफासत (Sophistication) और तहजीब (Culture) के लिए पूरे विश्व में जाने जाते हैं। इस आपाधापी एवं रफ्तार भरे युग में *''पहले आप पहले आप''* की परम्परा भी केवल लखनऊ में ही है।

ऐसे अद्भुत शहर में 25 नवम्बर 1920 को लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। विगत् सौ वर्षों में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है तथा विश्व के फलक पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी है। भारत के राष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा, प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ॰ बीरबल साहनी, प्रसिद्ध समाजशास्त्री धुर्जटा प्रसाद मुखर्जी, खेल जगत के शिरोमणि हॉकी खिलाडी के॰डी॰ सिंह 'बाबू' क्रिकेटर सुरेश रैना तथा आर॰पी॰ सिंह इत्यादि विभूतियॉ लखनऊ विश्वविद्यालय की ही देन हैं। उच्च–शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों यथा – शिक्षण कार्य, शोध कार्य एवं सामाजिक गतिविधियों में भी लखनऊ विश्वविद्यालय का योगदान अतुलनीय है।

बी॰एड॰ प्रवेश परीक्षा 2020 को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु ज्यादातर व्यवस्था ऑनलाइन सम्पन्न करायी जा रही है। बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों की सफलता हेतु मंगल कामनायें तथा इस महती कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु कटिबद्ध विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं टीम के सदस्यों को शुभकामनायें।

आलोक कुमार राय
कुलपति


Telephones:0522-2740467(O)0522-2740462(R),Fax:022-2740467(O), 9415684935 (M),E-mail:vc@lkouniv.ac.in

100 Years 1920 - 2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

प्रो अमिता बाजपेयी
अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय
**Prof. Amita Bajpai**
Dean, Faculty of Education

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
**University of Lucknow**
Lucknow-226007(U.P)INDIA



## शुभकामना संदेश

**'उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सत्र 2020–22 की राज्य स्तरीय बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2020'** को आयोजित करने का उत्तरदायित्व पुनः लखनऊ विश्वविद्यालय को सौंपना इस तथ्य का परिचायक है कि शासन को लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य कुशलता एवं क्षमता पर पूर्ण विश्वास है।

लखनऊ विश्वविद्यालय का सदैव यह प्रयास रहा है कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। प्रवेश प्रक्रिया में तकनीकी का अधिकतम प्रयोग करते हुए आवेदन, काउन्सिलिंग तथा शुल्क संग्रहण को सरलतम बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि सुदूर क्षेत्रों में बैठे अभ्यर्थी भी इस प्रक्रिया में बिना किसी असुविधा के सम्मलित हो सकें।

इस प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर अभ्यर्थियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमारी समर्पित टीम के सदस्य सदैव तत्पर हैं। निर्देश–पुस्तिका भी अत्यन्त सरल भाषा में तैयार की गयी है ताकि अभ्यर्थियों में किसी प्रकार का संशय न रहे।

समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे निर्देशों को भलीभाँति पढ़कर, आवेदन हेतु समस्त आवश्यक जानकारियों एवं प्रमाणपत्र इत्यादि को एकत्रित करने के पश्चात ही आवेदन पत्र भरना प्रारम्भ करें ताकि उन्हें किसी प्रकार ही असुविधा न हो।

मैं समस्त अभ्यर्थियों की सफलता हेतु कामना करती हूँ तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रेषित करती हूँ।

**प्रो॰ अमिता बाजपेई**
**राज्य समन्वयक**
**संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020**

University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव
100 Years 1920 - 2020

डा॰ विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव

Dr. Vinod Kumar Singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA



## शुभकामना संदेश

हर्ष का विषय है कि 'उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सत्र 2020–22 की राज्य स्तरीय बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2020' का दायित्व लखनऊ विश्वविद्यालय को पुनः सौंपा गया है। यह एक ओर सरकार द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति विश्वास को व्यक्त करता है, वहीं दूसरी ओर लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य–प्रणाली को भी स्पष्टः परिभाषित करता है। इससे विश्वविद्यालय परिवार प्रफुल्लित एवं उत्साहित हुआ है। किन्तु यह दायित्व सुखद होने के साथ–साथ चुनौती पूर्ण भी है।

वर्तमान तकनीकी परिदृश्य में अभ्यर्थियों के लिए परिस्थितियां जहाँ अनुकूल व सहज हुई हैं, वही अनेक कठिनाइयां भी उपस्थित हुई हैं। हम यथासंभव अभ्यर्थियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में निरन्तर प्रयासरत रहे हैं।

संभव है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कुछ कठिनाई हो, किन्तु वैश्विक विकास में तकनीकी के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रक्रिया उनके लिए अनुभव–प्रदाता सिद्ध होगी। अत्यन्त सरल भाषा में तैयार निर्देश–पुस्तिका अभ्यर्थियों के किसी प्रकार का संशय को निश्चय ही दूर करेगी।

हम दृढ संकल्प है कि अभ्यर्थियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करते हुए, प्रवेश परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता, सुचिता, सहजता व गोपनीयता के साथ संपन्न हो।

मैं समस्त अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य एवं सफलता की शुभ कामना करता हूँ।

डॉ॰ विनोद कुमार सिंह
राज्य नोडल अधिकारी
संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020

# बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा

## आयोजक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

### उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध,

### सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020–22 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

## अनुक्रम


| | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कुलपति महोदय का संदेश | |
| 2. | राज्य समन्वयक का संदेश | |
| 3. | कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी का संदेश | |
| 4. | शैक्षिक अर्हता | 1 |
| 5. | महत्वपूर्ण तिथियाँ | 2 |
| 6. | महत्वपूर्ण निर्देश | 3 |
| 7. | ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया | 4 – 5 |
| 8. | ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश | 6 – 8 |
| 9. | आरक्षण | 9 – 10 |
| 10. | प्रवेश परीक्षा प्रारूप | 11 |
| 11. | परिशिष्ट – 1 भारांक | 12 – 14 |
| 12. | परिशिष्ट – 2 विश्वविद्यालयों का नाम | 15 |
| 13. | परिशिष्ट – 3 प्रस्तावित शहरों की सूची जहाँ परीक्षा केन्द्र बनाया जाना है | 16 |
| 14. | सम्पर्क सूत्र | 17 |
| 15- | प्रमाण पत्रों के प्रारूप | 18 – 29 |

## शैक्षिक अर्हता

**बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नवत है**

1. **विज्ञान / सामाजिक–विज्ञान / मानविकी–वर्ग *** में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के साथ विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। बी॰ई॰ एवं बी॰टेक॰ (अभियाँत्रिकी) में गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता वाले छात्रों के लिये न्यूनतम 55% (पचपन प्रतिशत) अंकों के साथ अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण अथवा गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ बी॰ई॰ एवं बी॰टेक में स्नातक उपाधि अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

3. दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में स्नातक स्तर पर 05% (पाँच प्रतिशत) की छूट दी जायेगी।

4. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी या उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षाशास्त्री (बी॰एड॰) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु शैक्षिक अर्हता का विवरण निम्नवत है :–

   **न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों सहित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की त्रिवर्षीय शास्त्री परीक्षा, या द्विवर्षीय शास्त्री परीक्षा सत्र 1990 तक या विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय की शास्त्री अथवा त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा तीनों वर्षों में संस्कृत सहित अथवा द्विवर्षीय शास्त्री या संस्कृत वैकल्पिक विषय सहित द्विवर्षीय स्नातक परीक्षा सत्र 1985 तक।**

*** महत्वपूर्ण नोट** :

- ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष 2020 में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।

# बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा

## आयोजक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

### उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020–22 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

### बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2020 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ *

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि | : | 12/02/2020 | बुधवार |
| 2 | ऑन–लाईन आवेदन की अंतिम तिथि | : | 06/03/2020 | शुक्रवार |
| 3 | विलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि | : | 11/03/2020 | बुधवार |
| 4 | प्रवेश–परीक्षा की संभावित तिथि | : | 08/04/2020 | बुधवार |
| 5 | प्रवेश परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि | : | 11/05/2020 | सोमवार |
| 6 | ऑन–लाईन प्रवेश काउंसिलिंग प्रारम्भ होने की संभावित तिथि | : | 01/06/2020 | सोमवार |
| 7 | शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने की तिथि | : | 01/07/2020 | बुधवार |
| 8 | अभ्यर्थियों का सीधा प्रवेश एवम् उनके प्रमाणन की अंतिम तिथि | | 10/07/2020 | शुक्रवार |

* किसी विशेष परिस्थिति में बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2020 से सम्बन्धित तिथियों में परिवर्तन का अधिकार आयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के पास होगा। यदि बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2020 से सम्बन्धित कोई तिथि परिवर्तित होती है तो इसकी सूचना लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**आवेदन शुल्क (Application Fee)**

| | बिना विलम्ब शुल्क Without Late Fee | विलम्ब शुल्क के साथ With Late Fee |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 | 2000 |
| अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए | 750 | 1000 |
| अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 | 2000 |

# बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा

## आयोजक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020–22 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

### महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अर्हता सम्बन्धी निर्देशों को अवश्य पढ़ लें जो **http://lkouniv.ac.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2. **ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गयी कुछ प्रविष्टियों * में यदि उसे कोई त्रुटि दृष्टिगोचर होती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक आवेदन पत्र परीक्षा शुल्क सहित से ऑनलाइन जमा (Submit) करने की तिथि से चार दिनों के अन्दर लॉग–इन कर त्रुटि संशोधन कर सकता है, चार दिनों के उपरान्त प्रविष्टियों में कोई भी संशोधन किसी भी दशा में संभव नहीं होगा।** अभ्यर्थी पुनः संशोधित आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

   **प्रविष्टियाँ * जिनमें त्रुटि संशोधन किया जा सकता है : विषय वर्ग, लिंग तथा भारांक**

3. **आवेदक** की अर्हता अथवा भारांकों में किसी भी त्रुटि के लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी तरह के वाद की स्थिति मान्य नहीं होगी।

4. आवेदन पत्र अथवा कोई भी शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अतिरिक्त अंकों से सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न कर लखनऊ विश्वविद्यालय, भेजने की आवश्यकता नहीं है। अभ्यर्थी को समस्त प्रमाण पत्र महाविद्यालय में प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5. समस्त अभ्यर्थी भरे हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

6. आनलाइन आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना **नवीनतम रंगीन अभिमुख फोटो** (Front Face), दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा **हस्ताक्षर** 35mm x 45mm आकार में **अपलोड करना** अनिवार्य है। फोटोग्राफ, दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर की अधिकतम 50 KB की jpg format में कम्प्यूटर फाईल होगी। ऐसा न होने पर आवेदन पत्र/अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

7. कृपया नोट कर लें कि **ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूल प्रति/छायाप्रति को लखनऊ विश्वविद्यालय अथवा कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है।** ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

8. प्रत्येक ऑनलाइन आवेदन पत्र पर कम्प्यूटर–जनित 11 (ग्यारह) अंकों की एक संख्या अंकित है जो कि पंजीकरण संख्या है, जिसे बी॰एड॰ प्रवेश हेतु भविष्य में किये जाने वाले पत्राचार के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। सभी पत्राचार निम्नाँकित पते पर किया जायेगा :

9. **बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2020–22 से सम्बन्धित किसी भी वाद का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

**राज्य समन्वयक**
**संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2020–22**
**बी॰एड॰ प्रकोष्ठ, शिक्षा संकाय भवन**
**लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ 226007**

**e-mail id : upjeebed2020@gmail.com**
**Mobile Number : 9335715247**



बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2020–22 से सम्बन्धित किसी भी वाद का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निम्नवत् तीन चरणों में सम्पन्न होगी:

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम चरण | – | ऑनलाइन पंजीकरण करना। |
| द्वितीय चरण | – | आवेदन पत्र को पूर्ण करना। |
| तृतीय चरण | – | पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान करना एवम् आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करना। |

*कृपया नोट कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूल प्रति/छायाप्रति को लखनऊ विश्वविद्यालय अथवा कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।*

**संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2020–22 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के पूर्व वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध निर्देशों को पढ़कर अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा हेतु अपनी अर्हता अवश्य सुनिश्चित कर लें।**

### प्रथम चरण – पंजीकरण

1. ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन (Candidate Registration) लिंक पर क्लिक करें।
2. ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन की प्रविष्टियों को भरें। जहाँ–जहाँ (*) चिह्न लगा है उन प्रविष्टियों को अनिवार्य रूप से भरना है।
3. अपनी प्रविष्टियों को पूर्ण करने के पश्चात् सही जाँच कर आश्वस्त होने के उपरान्त ही सबमिट (Submit) पर क्लिक करें।
4. आप द्वारा पंजोकृत मोबाइल नंबर पर एक ओ टी पी भेजा जायेगा जिसे निर्धारित स्थान पर भरना होगा।
5. आप द्वारा दिए गये ईमेल पर भी एक वेरिफिकेशन लिंक भेजा जायेगा। अपने ईमेल पर इस लिंक को क्लिक कर वेरीफाई करना अनिवार्य होगा।
6. सफलतापूर्वक पंजीयन होने के साथ ही आपको कम्प्यूटर–जनित 11 (ग्यारह) अंकों की पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी। इस संख्या को सावधानीपूर्वक लिख लें एवम् इस पृष्ठ का प्रिन्ट आउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि पंजीकरण संख्या के आधार पर ही आगे की प्रक्रिया सम्पादित होगी।

नोट– **प्रवेश हेतु केवल पंजीकरण करने मात्र से आपका बी॰एड॰ प्रवेश परीक्षा 2020–22 हेतु आवेदन पूर्ण नही होता है। यह केवल सफलतापूर्वक पंजीकरण का प्रतीक है। पंजीकरण के उपरान्त अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन पत्र को पूर्ण करना है। आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा न होने की स्थिति में आवेदन अपूर्ण मानते हुए अस्वीकार कर दिया जायेगा।**

### द्वितीय चरण – आवेदन पत्र को पूर्ण करना

1. शुल्क जमा करने के पश्चात् 'आवेदन पत्र पूरित करें' (Submit Application Form) लिंक पर क्लिक करें। आवेदन पत्र पूरित करने के लिये अभ्यर्थी को **पंजीकरण संख्या, ट्रांजेक्शन संख्या (Transaction ID)** एवं **जन्मतिथि** भरना होगा।
2. स्क्रीन पर मांगी गई सूचनाओं को भरने के बाद सबमिट (**Submit**) पर क्लिक करें।

3. ऑनलाइन आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम रंगीन अभिमुख फोटो (Front Face), दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर 35mm x 45mm आकार में **अपलोड करना** अनिवार्य है। फोटोग्राफ, दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर की अधिकतम 50 KB की jpg format में कम्प्यूटर फाईल होगी। फोटो स्पष्ट और नवीनतम होना चाहिये। गहरे रंग के चश्में के साथ खीची गयी फोटो स्वीकार न होगी तथा इस दशा में आवेदन पत्र निरस्त हो सकता है।
4. अंतिम रूप से सबमिट (Submit) करने के पूर्व एक बार पुनः प्रविष्टियों को जांच कर सुनिश्चित हो लें कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हैं। आश्वस्त होने के उपरान्त ही सबमिट (Submit) पर क्लिक करें। पूरित आवेदन पत्र का प्रिन्ट ए–4 आकार के कागज में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अपने पास सुरक्षित रख लें।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी ने जिस फोटोग्राफ को अपलोड किया है, उसी फोटोग्राफ को ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट में निर्धारित स्थान पर चिपकायें एवं निर्धारित स्थान पर अपना एवं अपने पिता/संरक्षक का हस्ताक्षर करवायें। अभ्यर्थी निर्धारित स्थान पर अपने बांये हाथ के अंगूठे का निशान लगायें एवं अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अपने पास सुरक्षित रख लें।

## तृतीय चरण – शुल्क भुगतान करना एवं आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करना

1. सम्बन्धित वेबसाइट पर शुल्क भुगतान लिंक पर क्लिक करें।
2. Payment gateway की वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाईन (Internet Banking / Debit Card / Credit Card ) द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करें।
3. ऑन–लाईन माध्यम से भुगतान करने पर बैंक द्वारा जारी Transaction ID को अपने पास सावधानीपूर्वक लिख कर सुरक्षित कर लें।
4. उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 1500/– तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क रुपये 750/– देय होगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 1500/– देय होगा।
5. निर्धारित **अंतिम तिथि के पश्चात** आवेदन करने वाले सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 2000/– तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क रुपये 1000/– देय होगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 2000/– देय होगा।
6. यदि किसी अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क की धनराशि कट जाती है किन्तु लेन–देन असफल होता है तो इस दशा में भुगतान की वापसी, बैंक स्तर से, भुगतान सामंजस्य (Payment-reconciliation) के 24 घण्टे के पश्चात संभव हो सकेगी। परामर्श दिया जाता है कि अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क का भुगतान असफल होने की दशा में, भुगतान का अगला प्रयास 24 घण्टे के पश्चात ही करें।
7. यदि किसी अभ्यर्थी ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है, किन्तु आवेदन–पत्र पूर्ण नहीं किया है तो अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क सहित, आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन–पत्र पूर्ण कर सकता है।
8. अंतिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

## ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश
## (General Instructions for Online Application)

### पंजीकरण (Registration)

पंजीकरण करने के लिए निम्न जानकारी देना होगा

1. **अभ्यर्थी का नाम (Name of Candidate)**

   हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार अपना पूरा नाम भरें। नाम के साथ श्री/श्रीमती/श्रीमान/कुमारी/सुश्री आदि सम्बोधन सूचक शब्द **नहीं** भरें।

2. **पिता का नाम (Father's Name)**

   जिस प्रकार क्रमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है उन्हीं निर्देशों के अनुसार पिता का नाम भरा जाये।

3. **माता का नाम (Mother's Name)**

   जिस प्रकार क्रमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है उन्हीं निर्देशों के अनुसार माता का नाम भरा जाये।

4. **जन्मतिथि (Date of Birth)**

   हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार भरें। जन्मतिथि DD/MM/YYYY के प्रारूप में होगा।

5. **ई–मेल (e-Mail)**

   अपना ई–मेल इस स्थान पर लिखें। इस ई–मेल पर एक ओ॰टी॰पी॰ भेजा जायेगा जोकि आपको ई–मेल के वेरिफिकेशन के लिए भरना होगा।

6. **मोबाइल नम्बर (Mobile Number)**

   अभ्यर्थी अपना 10 अंको का मोबाइल नम्बर भरें। इसी मोबाइल नंबर पर एक ओ॰टी॰पी॰ भेजा जायेगा जोकि आपको मोबाइल नंबर के वेरिफिकेशन के लिए भरना होगा।

7. जेनेरेट ओ टी पि पर क्लिक करें।
8. कैप्चा भरें।
9. आप द्वारा पंजोकृत मोबाइल नंबर पर एक ओ टी पी भेजा जायेगा जिसे निर्धारित स्थान पर भरना होगा।
10. आप द्वारा दिए गये ईमेल पर भी एक वेरिफिकेशन लिंक भेजा जायेगा। अपने ईमेल पर इस लिंक को क्लिक कर वेरीफाई करना अनिवार्य होगा।

## फार्म भरने के दिशा–निर्देश

### फॉर्म 1 व्यक्तिगत विवरण

1. **लिंग (Gender)**

पुरूष अभ्यर्थी, पुरूष ( Male) के सम्मुख क्लिक करें तथा महिला अभ्यर्थी महिला (Female) के सम्मुख क्लिक करें। Transgender अभ्यर्थी अन्य (Others) पर क्लिक करें।

2. **वैवाहिक स्थिति (Marital Status)**

अभ्यर्थी अपनी वैवाहिक स्थिति के लिये विवाहित / अविवाहित / परित्यक्ता / तलाकशुदा (Married / Unmarried / Divorced / Separated) का चयन करें।

विवाहित महिला को अपने पति का नाम भी भरना होगा

3. **राष्ट्रीयता (Nationality)**

अभ्यर्थी अपनी राष्ट्रीयता का चयन करें।

4. **उत्तर प्रदेश का मूल निवासी (Domicile of UP)**

यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है तो हाँ (Yes) का चयन करें अन्यथा नहीं (No) का चयन करें। यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है परन्तु उसने शैक्षिक योग्यता (हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक) उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर से प्राप्त की है तो अभ्यर्थी को निर्देश पुस्तिका में दिये गये प्रारूप – 11 के अनुसार ऑनलाइन प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक उत्तर प्रदेश राज्य के किसी भी महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया है ऐसे अभ्यर्थी अपनी हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक अंकतालिका या प्रमाण पत्र अपलोड करें।

5. **श्रेणी (Category)**

अभ्यर्थी जिस श्रेणी का हो उसके सम्मुख क्लिक करें। अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी/(OBC/SC/ST Category) के अभ्यर्थी (यदि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी प्रमाणपत्र के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र धारित करता है तो) अपने वर्ग के सम्मुख क्लिक करें। अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण–पत्र 01 अप्रैल, 2017 या उसके बाद का हो। पिछड़ा वर्ग (OBC) के जिन अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण–पत्र 01 जनवरी, 2020 के पहले का है तो उन्हें 01 जनवरी, 2020 या उसके बाद का आय प्रमाण–पत्र भी अपलोड करना होगा। **उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थी सम्बन्धित वर्ग पर क्लिक न करें बल्कि सामान्य के सम्मुख क्लिक करें।** अर्थात अन्य राज्यों के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे। सम्बन्धित प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

6. **आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी (EWS benefit)**

सामान्य अभियार्थी को यदि आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी का लाभ लेना है तोह वह निर्धारित जगह पर हाँ या न चुने. ऐसे अभियर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र तथा सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म अपलोड करना होगा

7. **विकलांग (Physically Challenged)/ दृष्टिबाधित (Blind)**

यदि अभ्यर्थी दृष्टिबाधित श्रेणी में आता है और इस संवर्ग का लाभ लेना चाहता है तो हां (Yes) के सम्मुख क्लिक करें। अभ्यर्थी के पास मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित एतदर्थ बोर्ड द्वारा निर्गत प्रमाणित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में मूल रूप में होना आवश्यक है। सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

8. **फोटो पहचान (Photo Identity Card)**

अभ्यर्थी अपना 12 अंको का आधार नम्बर भरें। जिन अभ्यर्थियों का अब तक आधार कार्ड नहीं बना है, तो वे अपना पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰डी॰ का नम्बर अंकित करें।

9. **पत्र व्यवहार का पूरा पता (Complete Postal Address)**

पत्र व्यवहार के पते में अभ्यर्थी अपना नाम एवं डाक का सम्पूर्ण पता भरें।

10. **पिन कोड (Pin Code)**

अभ्यर्थी अपने पत्र व्यवहार में दिये गये पते से सम्बन्धित पिन कोड नम्बर को भरें।

11. **फोन नम्बर एस॰टी॰डी॰ कोड सहित (Telephone No. with STD Code)**

अभ्यर्थी अपने फोन नम्बर को एस॰टी॰डी॰ कोड के साथ भरेंगे। उदाहरण के लिये लखनऊ के किसी अभ्यर्थी के द्वारा फोन नम्बर निम्न प्रकार भरा जायेगा – 0522 XXXXXXX

**दस्तावेज अपलोड करें**

- नवीनतम रंगीन अभिमुख फोटो (Front Face) (आयाम –35 मिमी • 45 मिमी, आकार –25 केबी से 50 केबी, पीएनजी, जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप)। फोटो स्पष्ट और नवीनतम होना चाहिये। गहरे रंग के चश्में के साथ खीची गयी फोटो स्वीकार न होगी तथा इस दशा में आवेदन पत्र निरस्त हो सकता है।
- हस्ताक्षर (अधिकतम आकार 50 केबी, पीएनजी, जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप में)।
- बाएँ और दाएँ हाथ की तर्जनी छाप छवि
- प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
- प्रमाणपत्र पर आपका नाम पंजीकरण के दौरान आपके द्वारा बताए गए नाम से मेल खाना चाहिए।
- ओबीसी/एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/डोमिसाइल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए।
- ईडब्ल्यूएस के लिए दावा/विकल्प रखने वाले उम्मीदवार को यूपी सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इसके लाभों का लाभ उठाने के लिए प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

## फॉर्म 2 योग्यता विवरण

**12. बी. एड. हेतु चयनित स्ट्रीम**

बी. एड. हेतु कला वाणिज्य विज्ञानं या कृषि में से कोई एक स्ट्रीम का चयन करें

**13. एस. एस. सी./10 वीं कक्षा ध्समकक्ष का विवरण (SSC/10 standard or equivalent)**

अभ्यर्थीएस. एस. सी./10 वीं कक्षा ध्समकक्ष का विवरण यथास्थान भरें।

**14. स्नातक परीक्षा विवरण (Details of Graduation)**

अभ्यर्थी स्नातक उपाधि पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

**15. परास्नातक परीक्षा विवरण (Details of Post Graduation)**

अभ्यर्थी परास्नातक उपाधि पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

## फॉर्म 3 भारांक विवरण

**16. भारांक हेतु मांग (Weightage Claimed)**

अ) अभ्यर्थी भारांक की अर्हता के लिये परिशिष्ट संख्या 1 को सावधानी पूर्वक देखें।

ब) उसके अनुसार परिशिष्ट 1 में श्रेणी **ए** से **एफ** तक के नीचे उस कोड के अंतर्गत मांगे गये भारांक से सम्बन्धित श्रेणी का चयन करें।

स) सम्बन्धित प्रमाणपत्र अपलोड करें|

## फॉर्म 4 भुगतान विवरण

**17. प्रवेश परीक्षा हेतु शहर का विकल्प (City Option for Entrance Exam)**

अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु तीन शहरों के नाम का विकल्प चुनना होगा (परिशिष्ट–3 देखें) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा परीक्षा केन्द्रों का आवंटन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र अभ्यर्थी को स्वीकार करना होगा।

**परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा ।**

**18. आवेदन शुल्क का भुक्तान (Payment of Application Fee)**

पेमेंट गेटवे (Payment gateway) की वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाईन (Internet Banking / Debit Card / Credit Card ) द्वारा **आवेदन** शुल्क जमा करें।

**19. घोषणा (Declaration)**

अभ्यर्थी घोषणाओं को सावधानी पूर्वक पढ़ें तथा निर्देशों का पालन करें।

**नोट– ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।**

## आरक्षण

A) **ऊर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)** : बी॰एड॰ (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवम् आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों के पक्ष में क्रमशः 21 प्रतिशत, 02 प्रतिशत तथा 27 प्रतिशत एवम् 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना/ शासनादेश के अनुसार देय होगा।

B) **क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)** : शारीरिक रूप से विकलांग (न्यूनतम 40 प्रतिशत विकलांगता)/दृष्टिहीन अभ्यर्थियों हेतु समस्त प्रवेश सीटों का 05 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। इन अभ्यर्थियों को जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी का इस आशय का प्रमाण पत्र अपने पास सुरक्षित रखना होगा कि वह विकलांग की श्रेणी में आते हुये भी चर्म रोग, हकलाना, मूक, बधिर या अन्य किसी ऐसी व्याधि से ग्रस्त नहीं है जिसके कारण बच्चों में संक्रमण या उनके कक्षा–शिक्षण में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो। यह प्रमाण पत्र आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिये समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 02 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। उ॰प्र॰ के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षा कर्मियों अथवा उ॰प्र॰ में तैनात रक्षा कर्मियों के पुत्र–पुत्रियों को समस्त प्रवेश सीटों के अधिकतम 05 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। महिलाओं के लिये समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 20 प्रतिशत आरक्षण देय होगा।

**नोट :–**

1. यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/एवम् आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों की किसी श्रेणी के लिये आरक्षित कोई रिक्ति बिना भरी रह जाती है तो उसी श्रेणी से सम्बन्धित व्यक्तियों से ऐसी रिक्ति को भरने के लिये दूसरा विशेष प्रवेश अभियान चलाया जायेगा।
2. यदि उक्त क्रम संख्या 01 में निर्दिष्ट विशेष प्रवेश अभियान में अनुसूचित जनजातियों के उपयुक्त अभ्यर्थी उनके लिये आरक्षित रिक्ति को भरने के लिये उपलब्ध न हो तो ऐसी रिक्ति को अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित व्यक्तियों से भरा जायेगा।
3. यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/एवम् आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी निर्दिष्ट विशेष प्रवेश अभियान के उपरान्त भी आरक्षित सीटों में से कोई सीट उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण बिना भरे रह जाती है तो ऐसी रिक्ति को योग्यता के आधार पर किसी अन्य उपयुक्त अभ्यर्थी से भरा जायेगा।
4. यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/एवम् आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी की किसी श्रेणी से सम्बन्धित कोई व्यक्ति योग्यता के आधार पर सामान्य अभ्यर्थी के रूप में चयनित होता है और वह सामान्य अभ्यर्थी के रूप में बना रहना चाहता है तो उसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के आधीन ऐसी श्रेणी के लिये आरक्षित रिक्तियों के प्रति समायोजित नहीं किया जायेगा।

C) **नेत्रहीन अभ्यर्थियों** को श्रुत लेखक (Writer) की सुविधा अनुमन्य है। प्रतिबन्ध यह होगा कि श्रुत लेखक की वर्तमान शैक्षिक योग्यता कक्षा 12 अथवा इनके समकक्ष से अधिक न हो। श्रुत लेखक (Writer) की सुविधा परीक्षा केन्द्र के अध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इस हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा से एक दिन पूर्व केन्दाध्यक्ष से सम्पर्क करना होगा।

